भारत सरकार

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2874

12.03.2021 को उत्तर के लिए

ओडिशा में वन्यजीवों पर चक्रवात का प्रभाव

2874. श्री महेश साहू :

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने ओडिशा तट पर वन्यजीवों पर बार-बार आने वाले चक्रवातों और इसके प्रभाव के संबंध में कोई अध्ययन किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) केंद्र सरकार और ओडिशा राज्य सरकार द्वारा ओडिशा में वन्यजीवों पर चक्रवातों के प्रभावों का शमन करने के लिए क्या उपाय किए गए हैं?

उत्तर

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री
(श्री बाबुल सुप्रियो)

(क) और (ख) ओडिशा राज्य सरकार से प्राप्त सूचना के अनुसार, ओडिशा के तटवर्ती क्षेत्रों में बार-बार आने वाले चक्रवातों और वन्यजीवों पर उनके प्रभाव के संबंध में कोई अध्ययन नहीं किया गया है।

(ग) भारत सरकार, राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों को वन्यजीवों और उनके पर्यावासों के प्रबंधन में तकनीकी और वित्तीय सहायता प्रदान करती है। ओडिशा के तटवर्ती क्षेत्रों में आने वाले चक्रवातों से वन्यजीवों पर पड़ने वाले प्रभावों को कम करने के लिए निम्नलिखित उपाय किए गए थे :

i. आवारा वन्य पशुओं को कर्मचारियों द्वारा बचाया गया और उनके पर्यावासों में छोड़ा गया।
ii. चक्रवातों के प्रभाव को कम करने के लिए राज्य के तटीय मंडलों के साथ मिलकर वनीकरण और चारागाह विकास कार्य आरंभ किए गए।
iii. तटीय मंडलों की पारि विकास समितियों को चक्रवातों के दौरान वन्यजीवों की सुरक्षा हेतु संवेदनशील बनाया गया।
iv. चक्रवातों की अवधि के दौरान वन्यजीवों की सुरक्षा हेतु दस्तों का गठन किया गया था।

****